Title: Need to issue special ration-card to people below poverty line, in the National Capital Terroritory of Delhi, particularly those coming from Eastern India.

श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव : सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से एक लोक महत्व के विाय की ओर सरकार का ध्यान आकर्िात करना चाहता हूं। दिल्ली देश की राजधानी है। इस देश की राजधानी दिल्ली में पूर्वांचल बिहार, उत्तर प्रदेश, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल आदि के 25 लाख लोग गरीबी रेखा के नीचे अपना जीवन बसर करते हैं। वैसे तो इनकी आबादी 60 लाख है लेकिन दिल्ली में लगभग 25 लाख लोग गरीबी रेखा के नीचे अपना जीवन बसर कर रहे हैं। वे लोग झुग्गी-झोंपड़ियों, कच्ची कालोनियों, पटरियों, फुटपाथों पर रहते हैं। इन 25 लाख लोगों में से मात्र 3 लाख लोगों का लाल कार्ड बना है। मेरा कहना है कि 22 लाख लोग जो गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले हैं, उनके लाल कार्ड की पहचान तक नहीं हुई है। अगर उन्हें लाल कार्ड नहीं दिया गया तो भारत सरकार द्वारा जो प्रायोजित योजना है, लक्षित सा र्वजनिक वितरण प्रणाली के बारे में आप बखूबी जानते हैं, जो टारगेटिड पी.डी.एस. योजना बी.पी.एल. के लिए है, उसका इन लोगों को लाभ नहीं मिलेगा। इसी तरह दूसरी अन्त्योदय अन्न योजना है। 1 जून, 1997 से टारगेटिड पी.डी.एस. लागू है जिसके तहत गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले लोगों को सस्ती दर पर गेहूं और

चावल उपलब्ध कराना है। इसी तरह अंत्योदय अन्न योजना वर्ा 2001 से लागू है। इस योजना के अंतर्गत गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले लोगों को 2 रुपये किलो गेहूं और 3 रुपये किलो चावल देना है। लेकिन उन 22 लाख लोगों को इन दोनों योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

मैं सरकार से पूछना चाहता हूं कि इसके लिए कौन जिम्मेदार है ? हम चाहते हैं कि केन्द्र सरकार इसमें हस्तक्षेप करे, इसकी मौनीटरिंग करे। (व्यवधान)

सभापति महोदय : ठीक है, अब आपका भााण हो गया।

...(व्यवधान)

श्री राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव : सभापति महोदय, मैं भी इनके साथ अपने को ऐसोशिएट करता हूं। (व्यवधान)

सभापति महोदय : ठीक है, मैं आपको उनके साथ ऐसोशियेट करता हूं।

...(व्यवधान)

श्री राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव : यह बहुत महत्वपूर्ण मामला है। (व्यवधान)

श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव : सभापति महोदय, यदि उन लोगों का लाल कार्ड नहीं बनेगा (व्यवधान) आंदोलन शुरू होने वाला है। (व्यवधान) दिल्ली में पूर्वांचल के लोग हैं। (व्यवधान) वोट लेने के लिए दिल्ली के गरीब (व्यवधान)

श्री राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव : सभापति महोदय, आप भारत सरकार को निर्देश दीजिए। (व्यवधान)

सभापति महोदय : कृपया आप सब बैठिये।

...(व्यवधान)

श्री राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव : सभापति महोदय, मंत्री जी यहां बैठे हुए हैं। (व्यवधान) हम कैसे शांति रखें। (व्यवधान) पूरे बिहार का सवाल है। (व्यवधान)